**2021**

( 3rd Semester )

# HINDI

( Modern Indian Language )

Paper No. : HIN (MIL)–301

*Full Marks* : 70 *Pass Marks* : 45%

*Time* : 3 hours

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 45 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 9×2=18

(क) ऐसी मूढ़ता या मन की।
परि हरि राम-भगति-सुर-सरिता,
आस करत ओसकन की।
धूमसमूह निरखि चातक ज्यों,
तृषित जानि मति घन की।
नहिं तहँ सीतलता न बारि,
पुनि हानि होति लोचन की।

( *Turn Over* )

**अथवा**

शिवजी की तीसरी आँख से
निकली हुई महाज्वाला में
घृतमिश्रित सूखी समिधा-सम
कामदेव जब भस्म हो गया
रति का क्रन्दन सुन आँसू से
तुमने ही तो दृग धाये थे?

(ख) मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चाँद है, जो एक दिन दिखाई देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी आय बहता हुआ स्रोत है, जिससे सदैव प्यास बुझती है।

**अथवा**

कालिदास ने कहा था कि सब पुराने अच्छे नहीं होते, सब नए खराब ही नहीं होते। भले लोग दोनों की जाँच कर लेते हैं; जो हितकर होता है उसे ग्रहण करते हैं और मूढ़ लोग दूसरों के इशारे पर भटकते रहते हैं।

**2.** 'नये वर्ष के शुभ संकल्प' निबंध की समीक्षा कीजिए। 9

**अथवा**

'मुगलों ने सल्तनत बख्श दी' कहानी को अपने शब्दों में लिखिए।

**3.** 'भ्रमरगीत' का भावार्थ अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। 9

**अथवा**

'गीत-फरोश' कविता पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक के साथ संक्षेपण कीजिए : 9

हमारे देश में प्राचीन काल तक नारी को पुरुष के बराबर यज्ञ, वेद-पाठ आदि का अधिकार था। हमारी किसी भी प्राचीन तस्वीर, मूर्ति आदि में देवियों, स्त्रियों या नारियों ने पर्दा नहीं किया। यह स्पष्ट है कि वे समाज में समानता के स्तर पर जीवन-यापन करतीं थीं। इसी तरह भारती, गार्गी, मैत्रेयी और विद्योत्मा के शास्त्रार्थ की घटनाओं का उल्लेख यह स्पष्ट करता है कि शिक्षा में भी स्त्रियाँ पीछे नहीं थीं। मुगल आक्रमणकारियों के आते ही हमारा देश दहल गया। इस सभ्य, शालीन देश में स्त्रियों के साथ अभद्र एवं घिनौना व्यवहार होने लगा। इसे ध्यान में रखकर उत्तर भारत में राजपूतों ने पर्दा-प्रथा, सती-प्रथा, बाल-विवाह और कन्या हत्या आरंभ कर दी। इसके पीछे यही मानसिकता थी कि बहु-बेटियाँ सुरक्षित रहें और उनकी मर्यादा पर आँच न आने पाए।

★★★

**2021**

( 3rd Semester )

# HINDI

( Modern Indian Language )

Paper No. : HIN (MIL)–301

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

## SECTION—I

( *Marks* : 5 )

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : 1×5=5

1. "पतित पावन राम नाम सो न दूसरो" —यह पंक्ति कहाँ से ली गयी है?

(क) विनय-पत्रिका ( )

(ख) सूक्तियाँ ( )

(ग) भ्रमरगीत ( )

**2.** "मुझे इस समय एक अयोग्य मनुष्य की ही जरूरत है।" यह किसने कहा है?

(क) मुंशी वंशीधर ( )

(ख) पं० अलोपीदीन ( )

(ग) गाड़ीवान ( )

**3.** "भारतीय भाषाओं में प्रायः अंग्रेजी के 'इंडिपेंडेंस' शब्द का समानार्थक शब्द नहीं व्यवहृत होता।" यह पंक्ति किस निबंध से ली गई है?

(क) नये वर्ष के शुभ संकल्प ( )

(ख) मानस की धर्मभूमि ( )

(ग) नाखून क्यों बढ़ते हैं? ( )

**4.** निम्नलिखित में से कबीर की रचना कौन-सी है?

(क) गीत फरोश ( )

(ख) सूक्तियाँ ( )

(ग) कालिदास ( )

**5.** "कुछ और डिजायन भी हैं, यह इल्मी,
यह लीजे चलती चीज, नयी फिल्मी,"
—ये पंक्तियाँ किस कवि की कविता से ली गई हैं?

(क) भवानी प्रसाद मिश्र ( )

(ख) तुलसीदास ( )

(ग) नागार्जुन ( )

## SECTION—II

( *Marks* : 10 )

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

**1.** लक्ष्मीजी के विषय में पं० अलोपीदीन का क्या विचार है? लिखिए।

2. ''दुःख में सुमिरन सब करै, सुख में करे न कोय'' —इस पंक्ति में कबीर के कहने का क्या तात्पर्य है?

3. 'कालिदास' कविता के विषय में अपना विचार लिखिए।

4. मास्टर रुद्रनारायण ड्राईंग के अलावा और क्या-क्या सिखाते थे?

5. तुलसी ने राम नाम की क्या महत्ता बताई है?

6. शहंशाह ने फिरंगी डॉक्टर को इनाम में क्या दिया?

7. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं?' के आधार पर सफलता और चरित्रार्थता में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।

## SECTION—III

( *Marks* : 10 )

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : ½×4=2

एकता ; गुण ; कायर ; कृपण ; प्रेम ; दुर्लभ ; उत्तीर्ण

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×3=3

अनुपम ; ईश्वर ; वृक्ष ; कमल ; आम ; इच्छा

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं तीन मुहावरों के वाक्य-प्रयोग द्वारा अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1×3=3

श्रीगणेश करना ; लोहा लेना ; कान भरना ; अपनी डफली अपना राग ; आगे नाथ न पीछे पगहा ; ऊँट के मुँह में जीरा

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए : 1×2=2

परा ; स्व ; वि ; प्रति

★★★